तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन पर करें कड़ी... 12





नया कैंप स्थापित कर नक्सलियों के खात्मे की ... 12




## खबर संक्षेप



### लगातार नौवें दिन पंचायत सचिव संघ का हड़ताल जारी

**बीजापुर।** अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर जिले के चारो ब्लाको में पंचायत सचिव हड़ताल पर है। पंचायत सचिव संघ 18 मार्च से आंदोलन पर बैठ गए है। पंचायत सचिवों के आंदोलन के चलते ग्राम पंचायतों के जनहित कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे है। पंचायत सचिव संघ उसूर के ब्लाक अध्यक्ष बी बिचेम ने कहा कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर पंचायत सचिव संघ के द्वारा एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर ब्लाक मुख्यालय आवापल्ली में काम बंद कर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठें है। मोदी की गारटी को सरकार अब तक पूरा नहीं किया गया है। बी. बिचेम ने कहा कि इस बार शासन प्रशासन से अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीय करण को लेकर आर-पार की लडाई लडी जा रही है। उन्होंने ने बताया कि जब तक पंचायत सचिव का शासकीयकरण नहीं होगा तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। 1 अप्रैल को पूरे प्रदेश स्तर के पंचायत सचिव मंत्रालय का घेराव करेंगें। धरना प्रदर्शन के दौरान पंचायत सचिव संघ के ब्लाक उपाध्यक्ष कावरे पंडा, गौतूल रामू, निरतंर टोप्पो, जितेन्द्र कोरम, अर्जुन सोडी, फुलमाद्री सम्मैया, मल्लाराव दुर्गम, नंदकिशोर मेश्राम, जेट्टी गोपाल, दासर राममूर्ती के अलावा पंचायत सचिव मौजूद थे।

### एक बार फिर प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के बच्चों ने चयन परीक्षा में लहराया परचम



**बस्तर/घाटलोहंगा।** जिले के बस्तर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मधोता 2 के शासकीय प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के चार बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए हुई प्रवेश परीक्षा को पास किया है। चार बच्चों का चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानध्यापक छन्नू राम मंडावी ने बताया कि विद्यालय के कक्षा पांच के चार बच्चे दीक्षा ठाकुर रिंकी बघेल भोमेश ठाकुर व शैलेन्द्र ठाकुर ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास कर कक्षा छह में प्रवेश के लिए स्थान पक्का किया और अपने अध्यापको, अभिभावकों व सभी मार्गदर्शकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय की अध्यापिका इन्दुमति ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं पढ़ाई के प्रति जागरूकता के चलते इस बार एक साथ चार छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। बीते साल विद्यालय से एक छात्रा का चयन हो चुका है। लगातार दो साल से प्राथमिक शाला खैरगुड़ा से नवोदय विद्यालय के लिए चयन हो रहा है।

# नक्सल प्रभावित गांव मुलेर के 135 घर होंगे रोशन, पहुंचेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

## 17 किमी 11 केवी, 13 किमी निम्न दाब लाइन बिछा रहा विद्युत विभाग

अलग खबर

आजादी के 76 साल बाद भी बिजली नहीं होने से गांव मुलेर के ग्रामीण परेशान रहे, लेकिन शासन के नियद नेल्लानार योजना में गांव तक विद्युतीकरण किया जा रहा है। नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में नक्सलवाद की वजह से रुके विकास कार्यों को गति देने के लिए नियद नेल्ला नार योजना की शुरूआत की गई है।

दंतेवाड़ा जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम मुलेर में विद्युत कंपनी सुकमा जिले के बड़े सेट्टी से 11 केवी लाइन 17 किमी, निम्न दाब लाइन 13 किमी बिछा रही है। यह बिजली मुलेर गांव में पहुंचने के लिए 4 वितरण ट्रांसफार्मर भी लगाया जा रहा है। गांव के लगभग 135 उपभोक्ताओं बिजली मिल सकेगी। हाल ही में कंपनी के कार्यपालक निदेशक ने प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान की टीम के साथ गांव मुलेर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की।



### बच्चे रात में भी कर सकेंगे पढ़ाई

*ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली पहुंचने की जानकारी मिलने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली होने से पढ़ने वाले बच्चे रात में आसानी से पढ़ सकेंगे। साथ ही लोग घर में टीवी लगाएंगे, जिससे दुनिया के खबरें देख पाएंगे। वर्तमान में बिजली नहीं होने के चलते बच्चे रात में नहीं पढ़ पा रहे हैं। लोग देश दुनिया की समाचार नहीं देख पा रहे हैं।*

### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि ग्राम मुलेर में नियद नेल्लानार योजना के तहत संचालित विद्युतीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। साथ ठेकेदार को निर्देश दिया कि 15 अप्रैल तक गांव का विद्युतिकरण किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## सफलता : लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर छोड़ा नक्सलवाद

# 8 महिला सहित 15 माओवादियों ने किया सरेंडर, इन पर था 39 लाख का ईनाम घोषित

**दंतेवाड़ा और कोंटा क्षेत्र में सक्रिय 15 माओवादियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर 39 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। सरकारी की नीतियों के अनुसार समर्पण करने वाले माओवादियों को सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

चिंतलनार जिला पुलिस बल व सीआरपीएफ कोबरा तथा कोंटा पुलिस की विशेष सूचना शाखा के प्रोत्साहन से 6 महिला सहित कुल 9 नक्सलियों को आत्मससमर्पण कराने में सुकमा पुलिस को सफलता मिली है। पीएलजीए बटालियन नंबर एक एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी में सक्रिय 6 महिला नक्सली सहित कुल 9 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है । ज्ञात हो कि नक्सलियों पर लगातार बढ़ते दबाव तथा हताशा एवमं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर नक्सलियों लगातार घर वापसी जारी है।इसी क्रम में आज आत्मसमर्पित नक्सलियों में एक पुरूष नक्सली आठ इनामी सहित दो महिला नक्सली दस लाख इनामी एवं तीन महिला एक पुरूष नक्सली पर दो-दो लाख कुल 26 लाख रूपये ईनाम छग शासन द्वारा घोषित नक्सलियों ने बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया है। इन वांटेड नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में थाना चिंतलनार नक्सल सेल सुकमा तथा सीआरपीएफ सेकेंड व 74 एवं 241 वाहिनी सीआरपीएफ 203 वाहिनी कोबरा, डीआईजी ऑफिस आरएफटी सुकमा कोन्टा सूचना शाखा कार्मिकों की विशेष भूमिका रही । समर्पण करने वालों में पीएलजीए बटालियन एक के सक्रिय सदस्य बण्डू उर्फ बण्डी मड़काम पिता मासा इनामी आठ लाख निवासी गोमगुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर मासे उर्फ वेट्टी कन्नी पिता स्व.दुला जगरगुण्डा एरिया कमेटी कृषि शाखा अध्यक्ष एसीएम, इनामी पांच लाख निवासी गगनपल्ली कलगुड़ापारा थाना भेज्जी पदाम सम्मी पति दारा जगरगुण्डा एरिया केएएमएस अध्यक्षा, एसीएम, इनामी पांच लाख निवासी कोरसागुड़ा पुनेगुड़ेम थाना बासागुड़ा माड़वी हुंगा उर्फ कुव्वेर हुंगा पिता देवा कंचाल आरपीसी मिलिषिया कमाण्ड इनचीफ, ईनाम दो लाख निवासी बाड़सेन थाना पामेड़ पुनेम मगंडी पति पुनेम हुंगा जोनागुड़ा आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष ईनाम दो लाख निवासी जोनागुड़ा थाना जगरगुण्डा कड़ती विज्जे उर्फ जयो पति सोड़ी लखमा दक्षिण बस्तर डिवीजन ⏭ शेष पेज 12 पर

■ जंगल में रहने की कठिनाइयों, मतभेद व हिंसा से थे परेशान

### पूर्वी बस्तर डिवीजन में सक्रिय 6 नक्सलियों ने किया समर्पण



**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 6 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इसमें 3 नक्सलियों पर 13 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाली हिंसा, माओवादी संगठनों के भीतर आंतरिक मदभेद और जंगलों में रहने की कठिनाइयों से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प किया। निर्णय लेने के बाद 3 ईनामी सहित 6 माओवादियों ने 26 मार्च को उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। उपरोक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा का विशेष योगदान रहा।

#### इन्होंने किया समर्पण

आत्मसमर्पित महिला माओवादी शांति मण्डावी पूर्वी बस्तर डिवीजन अन्तर्गत कंपनी नम्बर 6 सदस्य 8 लाख ईनामी के पद पर सक्रिय थी। आत्मसमर्पित माओवादी सुखराम उर्फ बादल उत्तर सब जोनल सदस्य के पद पर सक्रिय था, इस पर 3 लाख रुपए का ईनाम घोषित। आत्मसमर्पित माओवादी प्रकाश उर्फ चिन्ना जगरगुण्डा एरिया कमेटी अन्तर्गत बैयमपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष पर 2 लाख का ईनाम घोषित था। आत्मसमर्पित माओवादी मुकेश उर्फ कमलू सुंडाम जगरगुण्डा एरिया कमेटी अंतर्गत बैयमपल्ली आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष के पद पर सक्रिय था। आत्मसर्पित महिला माओवादी मुचाकी सन्नी मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत बुरगुम आरपीसी केएएमएस सदस्य के पद पर सक्रिय थी। आत्मसमर्पित माओवादी ⏭ शेष पेज 12 पर

## वनविभाग में 96 लाख के जल एवं मिट्टी संरक्षण कार्य में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के वनपरिक्षेत्र गंगालूर सामान्य के अंतर्गत टिकलेर नाला में 2020-21 में कैम्पा मद से नरवा विकास योजना के तहत 96 लाख रुपए की लागत से जल एवं मिट्टी संरक्षण कार्य स्वीकृत किया गया था। लेकिन इस योजना में भारी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। भाजपा नेताओं ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत तीन महीने पहले की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

■ 3 महीने बाद भी कार्रवाई शून्य

इस योजना के तहत टिकलेर नाला में जल एवं मिट्टी संरक्षण हेतु विभिन्न तकनीकी कार्य किए जाने थे। भाजपा नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी, पुरुषोत्तम शाह और अभिषेक ठाकुर ने 19 दिसंबर 2024 को वनमंडलाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी कि वन परिक्षेत्र अधिकारी गंगालूर ने स्वीकृत कार्य को जमीन पर नहीं कराया। इसके बावजूद, फर्जी बिल-बाउचर बनाकर पूरी राशि आहरण कर ली गई। शिकायतकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बावजूद न तो संबंधित रेंजर के खिलाफ कोई ⏭ शेष पेज 12 पर

### टीम जांच करेगी: डीएफओ

जब इस मामले में बीजापुर डीएफओ रंगानाथन वाय से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मामले में जानकारी जुटाई जा रही है। अप्रैल में जांच टीम मामले की जांच करेगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। जिले में महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कमलजीत पाटले के पर्यवेक्षण में फरसपाल पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता के पिता ने 13 मार्च को अपनी नाबालिग पुत्री के गुमशुदा होने के संबंध में थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ⏭ शेष पेज 12 पर



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास, उनि सुनीता यद्, सउनि राजकुमार प्रधान, आर. अनिल कर्मा, कुंभकरण नेताम, अनीता कुंजाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 3 लाख से अधिक का गांजा जब्त नाबालिग सहित चार पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुलिस को चकमा देने स्कूटी से अवैध गांजा लेकर ओडिशा से शहर की ओर आ रहे एक नाबालिग समेत चार तस्करों को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपए से अधिक का गांजा के अलावा दो दोपहिया वाहन व मोबाइल बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामल दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आईपीएस गगन कुमार के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा जांच के दौरान ग्राम चोकावाडा रेल्वे क्रासिंग के करीब पुलिस का देखकर दो स्कूटी में सवार चार लोग ⏭ शेष पेज 12 पर



## सक्षम ने सपा सांसद का फूंका पुतला राणा सांगा के विरूद्ध की थी अभद्र टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महान राजपुताना योद्धा राणा सांगा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम ने प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। गोल बाजार चौक पर किए गए पुतला दहन के दौरान जहां सक्षम कार्यकर्ताओं ने रामजी लाल सुमन से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। वहीं प्रशासन व सरकार से उनके खिलाफ राजपूतों के वीरतापूर्ण इतिहास को धूमिल करने के चलते क्षत्रियों की भावना को ठेस पहुंचाने के चलते एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग भी की। इसके साथ ही यहां जमकर किए गए प्रदर्शन के दौरान सक्षम कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। सक्षम प्रांताध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर ने बताया कि राणा सांगा के बारे में जो भी संसद में कहा गया, वह वामपंथी दृष्टिकोण है और वामपंथी कभी राष्ट्रवादी नहीं हो सकता। सत्य यही है कि इतिहास ⏭ शेष पेज 12 पर



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व चित्रकोट विधायक से मिले किसान, बस्तर में होगी पेयजल समस्या

# इंद्रावती नदी सूखने से जलसंकट, किसानों ने मंत्री से मिल मांगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/घाटलोहंगा

अलग खबर

इंद्रावती नदी-जोरा संगम में बने कंट्रोल स्ट्रक्चर के जरिये छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के मध्य हुए गैर मानसून पीरियड में 50-50 परसेंट पानी बंटवारे समझौते को लेकर ओडिशा के नकारात्मक रवैये के बाद छत्तीसगढ़ के बस्तर में उपजा गम्भीर जल संकट को लेकर बस्तर के किसान आंदोलनरत है। बुधवार को प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ों किसान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से फरसागुड़ा में मुलाकात कर जल दोनों राज्यों के मध्य जल विवाद को अविलम्ब सुलझाने का आग्रह किया। इसके पूर्व किसानों का प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव और चित्रकोट विधायक विनायक ⏭ शेष पेज 12 पर



### किसानों ने तीन प्रमुख मांगें उठाईं

सूख चुकी फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए, किसानों ने कहा कि अगर इंद्रावती नदी का जल स्तर कम होने के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं, तो सरकार को तुरंत फसलों का सर्वे कराना चाहिए और प्रभावित किसानों को मुआवजा देना चाहिए। इससे किसानों को कुछ राहत मिल सकेगी, और वे अपनी समस्याओं से उबरने के लिए कदम उठा सकेंगे।

### खातीगुड़ा बांध और भस्केल बैराज से पानी की आपूर्ति की जाए

किसानों ने मांग की कि इंद्रावती नदी के ऊपरी हिस्से में स्थित ओडिशा के खातीगुड़ा बांध और भस्केल बैराज से पानी भेजा जाए ताकि पानी की कमी को दूर किया जा सके और फसलों को बचाया जा सके। यह दोनों बांध इंद्रावती नदी के जल स्रोत से जुड़े हुए हैं और उनके माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा सकती है। किसानों ने यह भी सुझाव दिया कि इंद्रावती नदी में स्थित सभी एनीकट नदी जल के संचयन के स्थल से 10 प्रतिशत पानी बस्तर क्षेत्र को दिया जाए, ताकि पानी की कमी दूर हो सके और बस्तर के किसानों की फसलों को सिचाई मिल सके।

### जल संकट दूर करने उठाए जाएंगे आवश्यक कदम : कश्यप

बैठक में जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि वह ओडिशा सरकार से इस मामले पर तत्काल बातचीत करेंगे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इस मुद्दे को प्राथमिकता से लेकर सिचाई संकट को दूर करने के लिए कदम उठाएगी। मंत्री ने कहा कि बस्तर क्षेत्र की जल स्थिति को सुधारने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और किसानों को राहत देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कलेक्टर और जन संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया गया है।

## कमिश्नर ने बड़े किलेपाल अस्पताल का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह ने बुधवार को बस्तर जिले के बड़े किलेपाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर बाह्य रोगी कक्ष एवं अंतः रोगी कक्ष में मरीजों को दी जा रही उपचार सुविधाओं, दवाई की उपलब्धता, जांच सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया और उपचारार्थ भर्ती मरीजों से रूबरू भेंटकर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को रोस्टर के आधार पर भर्ती कर उपचार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने ⏭ शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

## पुराने में लगी रोक, नये स्टैंड से बसों का आवागमन शुरू

**कोण्डागांव।** बहुप्रतीक्षित नया बस स्टैंड चीखलपुटी शहर में अब पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। अब पुराने बस स्टैंड पर बसों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है, केवल यात्रियों को उतारने की अनुमति दी जा रही है। सभी बसों के आगमन, प्रस्थान और अन्य परिवहन गतिविधियाँ अब नए बस स्टैंड से संचालित की जा रही हैं। नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष पटेल एवं उपाध्यक्ष जश केतु उसेंडी ने आज नए बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि यहां सभी आवश्यक सुविधाएं जल्द ही उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा, नए बस स्टैंड से पूरे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। सभी बसों को यहीं से संचालित किया जाएगा। जिससे पुरानी बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्र में होने वाली भीड़भाड़ कम होगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के सीएमओ दिनेश डे, अन्य अधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिक एवं कई यात्री उपस्थित रहे। यात्रियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, इस पर नगर पालिका अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। नए बस स्टैंड के संचालन से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। पहले बसें मुख्य बाजार और अन्य व्यस्त इलाकों में रुकने से जाम की स्थिति बन जाती थी, लेकिन अब बसों का आवागमन निर्धारित स्थान से ही होगा। जिससे यात्रियों को भी सहूलियत होगी। नगर पालिका ने यात्रियों और बस संचालकों से अपील की है कि वे नए बस स्टैंड से ही यात्रा करें और नगर को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग दें।

# नया कैंप स्थापित कर नक्सलियों के खात्में की ओर बढ़ाया ठोस कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

नक्सलवाद को मार्च, 2026 तक खत्मव करने के भारत सरकार के संकल्पय को सार्थक करते हुए राणा युद्धवीर सिंह, डी.आई.जी., सामरिक क्षेत्रीय मुख्यायलय भुवनेश्वर, आईटीबीपी के कुशल नेतृत्वत में कोंडागांव स्थित 41वीं वाहिनी, आईटीबीपी द्वारा छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सवलियों के गढ़ कहे जाने वाले कुतुल से लगभग 5 किमी. आगे बेडमाकोटी में एक नया कैंप स्थांपित कर नक्सलियों के खात्में की ओर ठोस कदम बढ़ाया है।

बेडमाकोटी का इलाका धुर नक्संल प्रभावित है और यहां जवानों के लिए कदम–कदम पर जान का खतरा बना रहेगा। इस क्षेत्र में नए कैंप की स्थापना को सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। श्री सिंह कहा कि हमें कैंप स्थायपित करने के बारे में लगातार ओ.पी. यादव, आई.जी., सेंट्रल फ्रंटियर, आईटीबीपी का मार्गदर्शन मिलता रहा है। साथ ही उन्होंने सफलतापूर्वक बेडमाकोटी कैंप स्थाथपित करने के लिए नरेन्द्री सिंह, सेनानी एवं 41वीं वाहिनी के हिमवीरों को बधाई दी और सुन्द रराज पी.,पुलिस महानिरीक्षक, बस्तएर रैंज, अमित कामले, डी.आई.जी., काकेर रेंज, प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर, डी.आर.जी. व छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमों के सक्रिय सहयोग के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। अमित भाटी, सेनानी 53वीं वाहिनी और राजीव गुप्तास, सेनानी 45वीं वाहिनी भी इस मौके पर मौजूद रहे।

### आईटीबीपी ने बेडमाकोटी में खोला नया कैंप




### नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर कसी जाएगी लगाम

*आईटीबीपी भारत सरकार के नक्सकल उन्मूंलन मिशन को ध्यापन में रखकर अबूझमाड़ क्षेत्र में लगातार नए कैंप स्थांपित कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है और वहां निवास करने वाली आबादी को भयमुक्तं वातावरण देकर उन्हें देश की मुख्य धारा से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के साथ–साथ आईटीबीपी के हिमवीर स्थानीय जनता को भारत सरकार व राज्यप सरकार की कल्याीणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी मुहैया करवा रहे हैं। अबूझमाड़ में आईटीबीपी की लगातार उपस्थिति से नक्सभलियों के नापाक मंसूबों पर लगाम लगी है और क्षेत्र की जनता स्वथयं को सुरक्षित महसूस कर रही है।*

**आयोजन:** जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन पर करें कड़ी कार्रवाई: कलेक्टर प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आज कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिले में हो रहे अवैध उत्खनन, खनिज परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में खनिज अधिकारी द्वारा जिले में हो रही अवैध गतिविधियों और उनके विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

- खनिज अधिकारी ने अभियानों की दी विस्तृत जानकारी

बैठक में रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र, खनिज जांच चौकियों की स्थापना और मुरूम परिवहन जैसे अहम विषयों पर भी चर्चा की गई। ताकि खनिज संपदा के दुरुपयोग को रोका जा सके। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अवैध उत्खनन पर निगरानी बढ़ाएं, खनिज संपदा के सुव्यवस्थित उपयोग पर ध्यान दें और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करें।




### ये रहे उपस्थित

*बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमंडलाधिकारी सशिगानंदन के, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी अभयजीत मंडावी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लोकेश बंसल, जिला खनि अधिकारी दालेश्वर यदुराज, जिला परिवहन अधिकारी योगेश भंडारी, तहसीलदार सौरभ कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।*

# राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के लिए मनीषा, सतवंतिन का हुआ चयन

### गुण्डाधुर महाविद्यालय कीं हैं दोनों छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक मनीषा नेगी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर एवं सतवंतिन नेताम एमएससी द्वितीय सेमेस्टर ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और सशक्त विचारों के बल पर राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के लिए चयनित हुई हैं।

- 28 को छत्तीसगढ़ विधानसभा में की जाएगी आयोजित

जिला संगठक ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 मार्च को शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई थी। इसमें बस्तर एवं कोंडागांव जिलों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने एक देश, एक चुनाव विकसित भारत की ओर एक कदम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मनीषा और सतवंतिन ने अपने प्रभावी भाषण और मजबूत तर्कों से निर्णायकों को प्रभावित किया और तीसरा स्थान अर्जित कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. आर. पटेल, समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।




### जिले से कुल 10 छात्र–छात्राओं का चयन

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समलेश पोटाई ने कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। राज्य स्तरीय युवा संसद 28 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित की जाएगी। 29 मार्च को चयनित प्रतिभागियों के लिए रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तर पर कोंडागांव और बस्तर जिले से कुल 10 छात्र–छात्रओं का चयन हुआ है। जिनमें गुण्डाधुर महाविद्यालय कोंडागांव, कन्या महाविद्यालय कोंडागांव एवं जगदलपुर के विद्यार्थी शामिल हैं।

# स्कूली विद्यार्थियों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

विश्व जल दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोंडागांव द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूली छात्रें को जल संरक्षण के महत्व और इसकी अनिवार्यता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जल है तो कल है के संदेश के साथ जल बचाने का संकल्प लेते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का प्रण लिया।

### जल संरक्षण पर आधारित चित्र बनाए

अभियान के दौरान छात्रें ने जल संरक्षण पर आधारित चित्रकला बनाई। जिसमें अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया। इसके अलावा, शिक्षिका श्रीमती स्मृति बक्शी और श्रीमती मंजुला बोस ने छात्रें से जल संरक्षण पर कविताएँ सुनीं, जिससे जल की महत्ता को लेकर उनकी समझ और अधिक गहरी हुई।

### जल के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जल के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। उन्हें नल का पानी व्यर्थ न बहाने, वर्षा जल संचयन करने, पानी के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने और जल व्यय करने वाली आदतों को त्यागने जैसे उपायों के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज में जल बचाने का संदेश फैलाएंगे।

# घर में घुसकर मारपीट, 7 गिरफ्तार

**फरसगांव।** थानातंर्गत चुरेगांव कैंप क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट करने वाले 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सुदर्शन सेठिया पिता स्व. जयराम उम्र 50 वर्ष निवासी चुरेगांव कैंप थाना फरसगांव ने मंगलवार के रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थी का बेटा तीरथ सेठिया भानपुरी निवासी प्रिया दीवान एक दूसरे को पसंद करते थे और शादी करना चाहते थे। प्रार्थी सामाजिक रीति रिवाज से लकड़ी के घर रिश्ता लेकर गये थे। लड़की के पिता गोवर्धन दीवान द्वारा मना करने पर दोनों बालिग होने पर मंदिर में 17 मार्च को शादी कर बाहर चले गये है। जिसके कारण लड़की का भाई पुष्पेन्द्र दीवान व उसका मामा ज्ञानेन्द्र पाण्डे दोनों फोन से प्रार्थी के लड़के तीरथ सेठिया को जान से मार दूंगा कहकर धमकी देते हैं। जिनके कारण लड़का लड़की दोनों बाहर रहते है।

मंगलवार की शाम वाहन क्रमांक सीजी 27 एन. 9557 में लड़की का भाई पुष्पेन्द्र दीवान, नीरज दीवान, ज्ञानेन्द्र पाण्डे, गोवर्धन दीवान, सागर दीवान अन्य लोग प्रार्थी के घर आए। गालीगलौज करते हुए प्रार्थी, उसके बेटे सागर सेठिया के साथ मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पुष्पेन्द्र दीवान 27 वर्ष, नीरज दीवान उम्र 26 वर्ष, गोवर्धन दीवान उम्र 51 वर्ष, रमेश कुमार दीवान उम्र 36 वर्ष, सागर दीवान उम्र 24 वर्ष, मानसाय दीवान उम्र 42 वर्ष निवासी फरसागुड़ा मावलीगुड़ा थाना भानपुरी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय उम्र 36 वर्ष निवासी सातगांव थाना कोण्डागांव गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि, सुरेन्द्र बघेल, सउनि पिताम्बर कठार, प्रधान आरक्षक गुपेन्द्र साहु, आरक्षक अजय मरकाम, घनश्याम यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### जिला स्तरीय बस्तर पंडुम 2025 का आयोजन 27 एवं 28 को

**कोण्डागांव।** प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर की विशिष्ट जनजातीय कला एवं संस्कृति को पुनर्जीवित करने तथा समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर पण्डुम का जिला स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन 27 मार्च एवं 28 मार्च को स्थानीय आडिटोरियम में होगा। जिसमें जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परम्परा लोककला, शिल्प कला, तीज–त्यौहार, खान–पान, बोली–भाषा, रीति–रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्ययंत्र, पारम्परिक नृत्य, गीत–संगीत, नाट्य, व्यंजन, पेय पदार्थों के मूल स्वरूप के संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति–रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह महोत्सव न केवल बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मंच प्रदाय करेगा, बल्कि उनकी कला को नई पहचान भी मिलेगी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पीड़ित महीप सिंह ने 10 सितंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम उलेरा, करमरी और काबरा में पेयजल पाइपलाइन का कार्य चल रहा था। इसी दौरान करमरी पंचायत भवन के सामने खड़ा एक ट्रैक्टर कंपनी स्वराज, नंबर 6164 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था।



प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अयान पटेल निवासी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश और महेंद्र सिंह निवासी फिंगेश्वर, गरियाबंद ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने 22 मार्च 2025 को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चोरी हुआ ट्रैक्टर महासमुंद से बरामद किया गया। 23 मार्च 2025 को दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुशील पटेल, प्रधान आरक्षक 083 राकेश जुरी, आरक्षक 590 धनु पटेल और आरक्षक 788 राजू पानीग्राही की भूमिका सराहनीय रही।

**सचिवों के शासकीयकरण की जायज मांग को पूरा करने का किया आग्रह**

# हड़ताल पर बैठे सचिवों को मिला सरपंच संघ का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर जपं फरसगांव के समस्त ग्राम पंचायत सचिव ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। वहीं अब सचिव संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल को सरपंच संघ फरसगांव का समर्थन मिला है, सरपंच संघ के अध्यक्ष झाडीराम सलाम, जिला पंचायत सदस्य जय लाल नाग सहित सरपंच संघ के पदाधिकारी धरना स्थल पर उपस्थित हुए।

इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष झाड़ीराम सलाम ने सचिव के हड़ताल को समर्थन देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का सचिव, सरपंच का सबसे प्रमुख सहयोगी होता है एक प्रकार से ग्राम पंचायत के रीड की हड्डी होते हैं जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा संचालित 29 विभागों के 200 प्रकार के कामों को धरातल पर क्रियान्वित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग पंचायती राज व्यवस्था से बहुत पहले से जुड़े हुए हैं और सचिवों की मेहनत और कार्य क्षमता को हम लोग जानते हैं। पंचायत में सचिव के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता। आज सचिवों के हड़ताल में चले जाने से हम लोग पंचायत की रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने में असमर्थ हैं। अभी भीषण गर्मी का समय है पेयजल का गंभीर संकट प्रत्येक पंचायतों में गहराया हुआ है साथ-साथ हम नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार भी नहीं मिल पाया है।

### सीएम से की मांग

सरपंच संघ फरसगांव की ओर से हम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से आग्रह करते हैं की चुनाव में मोदी गारंटी के तहत ग्राम पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के जायज मांग को तत्काल पूरा करें ताकि हम लोग उनके साथ मिलकर पंचायत में बेहतर से बेहतर कार्य कर सकें। ग्राम पंचायत सचिव वर्ष 1995 से कार्यरत हैं और आज तक उनका शासकीय करण नहीं हुआ है पंचायत सचिव के कार्य दायित्व को देखते हुए उन्हें तत्काल शासकीय कर्मचारी घोषित किया जावे।

## पेज 11 के शेष

### 8 महिला सहित ....

सीएनएम पार्टी सदस्य ईनाम दो लाख निवासी आरगट्टा थाना दोरनापाल मड़कम शांति पिता सिंगा दक्षिण बस्तर डिवीजन कृषि कमेटी पार्टी सदस्या, ईनाम दो लाख निवासी पालामड़गू बड़ेपारा थाना पोलमपल्ली मुचाकी मासे पिता देवा केएमएएस उपाध्यक्षा दुलेड आरपीसी निवासी मड़पेदुलेड़ थाना चिंतागुफा कड़ती हिड़यि उर्फ हितेष पिता कन्ना सीएनएम उपाध्यक्ष दुलेड़ आरपीसी निवासी दुलेड पटेलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा शामिल हैं। माओवादियों ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्धेश्य से आज एसपी किरण चव्हाण सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधीकारी संजय कुमार 241 वाहिनी एवं उमेश गुप्ता एएसपी अभिषेक वर्मा एसडीओपी परेश्वर तिलकवार सहित सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उपरोक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छग नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राषि 25-25 हजार रू प्रोत्साहन नगद राशि, कपड़े व मिष्ठान प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधायें प्रदान कराए जायेंगे।

### पूर्वी बस्तर डिवीजन ...

जोगा मुड़ाम जगरगुण्डा एरिया कमेटी अन्तर्गत परलागट्टा संघम सदस्य के पद पर सक्रिय था। आत्मसमर्पित महिला माओवादी कंपनी नम्बर 6 की सदस्य शांति मण्डावी वर्ष 2024 में ग्राम थुलथुली-गवाड़ी के जंगल में हुये नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में शामिल थी। आत्मसमर्पित माओवादी उत्तर सब जोनल सदस्य सुखराम उर्फ बादल वर्ष 2024 में ग्राम कोड़तामरका के जंगल में हुये नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में शामिल था।

सहायता राशि दी गई : आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रुपए सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। सुविधाओं में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि मुहैया कराई जाएगी।

### वनविभाग में 96 ...

ठोस कदम उठाया गया और न ही विभाग ने जांच को आगे बढ़ाया। इससे यह साफ होता है कि विभाग भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहा है।

### दुष्कर्म के आरोपी ...

अपहरण कर ले गया है। जिस पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को बीजापुर से बरामद किया गया। पीड़िता को प्रेम संबंध के बहाने बहला फुसलाकर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करने वाले आरोपी जय किशोर कश्यप 21 वर्ष निवासी बड़ेसुरोखी सियानार को थाना फरसपाल में दर्ज अपराध क्रमांक 05/2025 धारा 137(2),64 बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 25 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### 3 लाख से अधिक ...

भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 30.294 किलो किलो मादक पदार्थ गांजा व दो स्कूटी जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 3 लाख 2940 रूपए आंका गया है। मौके से आरोपी प्रेमचंद गोंडो 19 वर्ष निवासी रोंदापल्ली पुजारी स्ट्रीट थाना जयपुर, दीपक बैरागी 18 वर्ष 1 माह 1 दिन निवासी बारनीपुट थाना जयपुर सदर, अमित खोरा 18 वर्ष 2 माह 5 दिन निवासी बारनीपुट थाना जयपुर टाउन तथा एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) र (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी आईपीएस गगन कुमार के अलावा एएसआई जदुराम बघेल, प्रधान आरक्षकअहिलेश नाग आरक्षक चंद्रकुमार कंवर, छगन लाल ठाकुर डीएसएफ आरक्षक जोगेश्वर कश्यप सैनिक जगन्नाथ नाग व रमाकांत कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सक्षम ने सपा ....

लेखन वामपंथियों ने किया, ताकि इस तरह के कुतर्क किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन सार्वजनिक रूप से अपने बयान के लिए माफी मांगें और केंद्र सरकार शिक्षा नीति में पूरा परिवर्तन कर नए सिरे से भारत का वास्तविक इतिहास हाने वाली पीढ़यिों को पढ़ाए। इस दौरान संजय चंढा, सुनील नत्थानी, डिंपू सिंह, सोनूराम बघेल, अवधेश शुक्ला, सुनील बजाज, अनुभव सिंह, अनतराम राई, बंटू पांडे, प्रशांत पाणिग्रही, दिलीप शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

### इंद्रावती नदी सूखने से ....

गोयल से मुलाकात कर जल्द से जल्द समस्या निराकारण कराने की मांग की। इधर इसी मुद्दे पर बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल आज नारायणपाल पहुंच इन्द्रावती नदी में आई जल संकट से सूखे फसल का सर्वे किया। विदित हो जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से किसानों ने मुलाकात की और इंद्रावती नदी के सूखने के कारण उत्पन्न जल संकट पर चर्चा की। किसानों का कहना था कि इंद्रावती नदी का जल स्तर घटने से उनके खेतों में पानी की कमी हो गई है, जिससे सैकड़ों एकड़ मक्का की फसल सूखने की कगार पर है। किसानों ने मंत्री से मांग की कि तत्काल उनकी खड़ी फसलों को बचाने के लिए नाले के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाए। समस्या के समाधान के लिए सरकार तत्काल कदम उठाए। विधायक किरण देव ने अपने शांति नगर स्थित निवास में किसानों को आश्वस्त करते कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इन्द्रावती नदी-जोरा संगम पर उपजे जल विवाद को लेकर ओडिशा के मुख्यमंत्री से सार्थक चर्चा हुई है। देव ने किसानों से कहा मंत्री केदार कश्यप के पहल पर लगातार ओडिशा के मुख्यमंत्री से जल बंटवारे की समस्या को लेकर सार्थक चर्चा होने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि इन्द्रावती नदी हम बस्तरवासियों की प्राणदायिनी है। इसलिए नदी की संरक्षा पर छग सरकार जल समस्या दूर करने गम्भीरता से प्रयास में लगी है। देव ने कहा उनके द्वारा इन्द्रावती नदी पर 5 अलग-अलग स्थानों पर एनीकट और बैराज योजना प्रस्तावित है, शीघ्र ही स्वीकृति के बाद काम प्रारम्भ होगा। इनमे घाटलोहंगा व्यापर्वन योजना, नगरनार बैराज सह सौर उदवहन योजना, हाटगुड़ा पोडसीबहार नाला में एनीकट, कुड़कानार एनीकट और चितालगुर एनीकट सम्मलित है। इस दौरान लखेश्वर कश्यप, सुभाष कश्यप, हेमराज बघेल, पूरन सिंह कश्यप, मुन्ना कश्यप उपस्थित थे।

### कमिश्नर ने बड़े ...

कहा। कमिश्नर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित पुरूष एवं महिला वार्ड को जल्द हस्तांतरण करवाने सहित मरीजों के लिए उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। वहीं पुराने वार्ड का आवश्यक मरम्मत करवाने के साथ ही मरीजों के परिजनों के लिए ठहरने हेतु उपयोग में लाए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सीएचसी निरीक्षण के उपरांत बैठक लेकर विकासखण्ड में आयुष्मान कार्ड पंजीयन में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए ज्यादा नाम छूटे हुए ग्राम पंचायतों में ध्यान केनद्रित किए जाने पर जोर दिया और ऐसे ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित करने कहा। साथ ही इस हेतु बीएमओ और बीपीएम को स्वयं जाकर मॉनिटरिंग कर सेचुरेशन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखण्ड में क्षय रोग के चिन्हित मरीजों को निक्षय मित्रों के सहयोग से उपचार हेतु आवश्यक पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने हरेक ग्राम पंचायतों सहित प्रत्येक शासकीय कार्यालयों को निक्षय मित्र बनाने पर बल देते हुए सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को भी स्वेच्छा से क्षय मरीजों के उपचार के लिए निक्षय मित्र की पुनीत कार्य हेतु प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु सर्वप्रथम दो आंख में मोतियाबिंद पीड़ति मरीजों को प्राथमिकता देने कहा। वहीं एक निर्धारित तिथि तय कर दो आंख के मोतियाबिंद मरीज मुक्त ब्लॉक तथा एक आंख के मोतियाबिंद मरीज मुक्त ब्लॉक बनाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाने की समझाइश अधिकारियों को दी। उन्होंने सीएचसी एवं परिसर की साफ-सफाई के लिए हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने कहा। सभी अधिकारी-कर्मचारी को सहभागिता निभाने कहा। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, डीपीएम रीना लक्ष्मी सहित बीएमओ, बीपीएम और अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### केरपे में लगाया गया जनसमस्या निवारण शिविर



**बीजापुर।** सीएम विष्णु देव साय के मंशानुरूप अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं को पहुंचाने और उनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव लाने जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोपालपटनम के ग्राम केरपे अंतर्गत निर्धारित शिविर का आयोजन ग्राम करकेली में रखा गया। उक्त शिविर में अनुभाग भोपालपटनम के एसडीएम, सीईओ जपं तहसीलदार के अलावा सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए एवं केरपे पंचायत के 10 ग्रामों से ग्रामवासी ट्रैक्टरों, मोटर साइकिल एवं सायकल से उपस्थित होकर अपने समस्या सबंधित आवेदन पत्र जैसे जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया गया।

## निधन

### हरीश मटलानी



**जगदलपुर।** मैत्री संघ गली निवासी सब्जी व्यवसाई हरीश मटलानी (48) का बुधवार को निधन हो गया है। विगत 3 दिनों से स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनका उपचार अस्पताल में चल रहा था जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे माता, पत्नी एवं 2 बच्चों से भरपुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार सिंधी समाज के लोगों की उपस्थिति में मुक्तिधाम में हुआ।

### लक्ष्मीशंकर श्रीवास

**जगदलपुर।** पुराना हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी लक्ष्मीशंकर श्रीवास का बुधवार दोपहर उपचार के दौरान निधन हो गया। दो साल पहले उनका हृदय का ऑपरेशन किया गया था। तीन दिन पूर्व तबियत बिगड़ने पर परिजन उनके बेहतर इलाज के लिए विशाखापटनम के हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। शव को लेकर परिजन विशाखापटनम से देर रात जगदलपुर पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र, पिता समेत तीन भाई को छोड़ गए।

### कांग्रेस ने ईडी और भाजपा सरकार का किया पुतला दहन

# ईडी और भाजपा सरकार की कार्यवाही लोकतंत्र के खिलाफ : राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास में ईडी की कार्यवाही को लेकर ईडी और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल की भिलाई स्थित उनके निवास पर ईडी और भाजपा सरकार की कार्यवाही लोकतंत्र के खिलाफ है। भाजपा सरकार और ईडी जानबूझकर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्यवाही कर रही है जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बदले की राजनीति से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को परेशान करने की नियत से देश की संवैधानिक संस्था ईडी का दुरुपयोग कर रही है, जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है।

इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य लच्छू राम मौर्य, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कारम, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, जनपद सदस्य मनोज अवलम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जिला महामंत्री जितेंद्र हेमला, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, कांग्रेस नेता प्रवीण उद्दे, राम कुमार दुर्गम, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव शेख रजिया, इदरीस खान, जनपद सदस्य बोधि ताती, सकीना बानो, संजना चौहान, संगीता नाग, महेश हेमला, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, सदाशिव राना, श्यामू गुप्ता, रोहित कुमार ठाकुर, युवा कांग्रेस के कामेश मोरला, मगन और बलराम कोरसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को मिला प्रमाण पत्र



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला बीजापुर अंतर्गत जनपद स्तरीय स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण एवं जनपद पंचायत के समन्वय पश्चात 10, 12, 19 एवं 21 मार्च जनपद पंचायत भोपालपटनम, उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 401 लोगों ने पंजीयन कराया, एवं 260 लोगों को निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 185 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी कर संबंधितों को प्रदाय किया गया।

साथ ही 44 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को 40 प्रतिशत से कम दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। 31 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को रिफर चिकित्सक द्वारा किया गया। उक्त शिविर में 185 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे- पेंशन योजना कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना एवं विवाह प्रोत्साहन योजना को पात्रता एवं नियमानुसार लाभ प्रदाय किया जायेगा।

# 1, 2 व 3 अप्रैल को संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

बस्तर संभाग अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला एवं संस्कृति परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोककला, शिल्प कला, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थ के मूल स्वरूप को संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन दिनांक 1,2,3 अप्रैल को किया जा रहा है। इस वृहद आयोजन में जिला सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, जिलों के विजेता प्रतिभागी टीमें पुनः अपना सांस्कृतिक प्रदर्शन जिला मुख्यालय में करेंगी। इसके तैयारी एवं सफल आयोजन के तहत जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में आज सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा द्वारा नोडल अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवागमन की सम्पूर्ण व्यवस्था, कला एवं संस्कृति से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं, विजेताओं को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र , साथ ही प्रतियोगिता स्थल पर बांस-बल्ली व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रतियोगिता स्थल पर सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवागमन हेतु वाहन की व्यवस्था, टेंट पंडाल, मंच व्यवस्था कार्यपालन, साउंड सिस्टम, मंच में लाइट तथा जनरेटर की व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल पर विद्युत व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल में आवश्यक लेआउट, समतलीकरण, साफ-सफाई, पीने के पानी, पानी टेंकर, चलित शौचालय एवं संबंधित अन्य कार्य, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, विशिष्ट अतिथियों के समन्वय हेतु लाईजनिंग के संबंध में विषेष दिषा निर्देष दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भक्त शिरोमणि माता कर्मा भक्ति एवं शक्ति की हैं प्रतीक : आशाराम

भगवान जगन्नाथ को लगने वाली खिचड़ी का प्रसाद वास्तव में माता कर्मा का खिचड़ी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुधावा





साहू समाज के आराध्य देवी मां कर्मा जयंती समारोह के अवसर पर महिलाएं एवं बालिकाओं ने धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र में पूजा अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने नवनिर्मित भामाशाह सामुदायिक भवन परिक्षेत्र साहू भवन का लोकार्पण किया।

दुधावा के साहू सदन में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती पर मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मां कर्मा हम सबकी देवी है। साहू समाज एक संगठित समाज है, भक्त शिरोमणि कर्मा माता सदा भक्ति और शक्ति का प्रतीक है। साहू समाज हर क्षेत्र में अग्रणी है, चाहे कृषि के क्षेत्र में हो, चाहे व्यापार के क्षेत्र में। राजनीति के क्षेत्र में साहू समाज में हंमे एकता की भावना देखने को मिलता है। नरहरपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि माँ कर्मा जयंती हम सभी के लिए प्रेरणा का अवसर है। यह पर्व हमें परिश्रम सेवा और समपर्ण की सीख देता है। अपने तनमन और धन से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगा देनी वाली माँ कर्मा से हमे त्याग और धार्मिकता की शिक्षा मिलती है। समाज के हितों की रक्षा अपने भक्ति के माध्यम से किया। इस अवसर पर समाज की बुद्धिबाई साहू एवं मेनका साहू ने बड़े ही प्रभावित ढंग से माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता कर्मा की भक्ति मीरा और सबरी की भक्ति से कम नही है। कर्मा ने अपनी भक्ति से भगवान कृष्ण को प्रेम में बांधकर उनके खिचड़ी खाने मंदिर छोड़कर आने विवश कर दिया। भगवान जगन्नाथ को लगने वाली खिचड़ी का भोग प्रसाद वास्तव में माता कर्मा का खिचड़ी प्रसाद है। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू समाज अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जनपद सदस्य बीना बंटी राय, सरपंच आकाश नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, उपसरपंच निरंजन गंजीर, सियाराम कोसमा, कर्ण कुमार साहू, जवाहर लाल साहू, गौकरण साहू, खेमू राम साहू, देवलाल गंजीर, भोपाला साहू, किशोर कुमार साहू, छबिलाल साहू,हिरा साहू, दीनदयाल साहू, सम्मुख साहू, राधे साहू, मोहन साहू, खिलेशवर साहू, गोवर्धन साहू, मोहन साहू, सत्यभामा साहू जानकी गंजीर, वत्सला साहू, गिरजा साहू एवं बड़ी संख्या में दुधावा परिक्षेत्र के शामतरा, जामगांव, मावलीपारा, धनोरा, सारवंडी व सालेटोला से समाजजन उपस्थित रहे।

# तसर रेशम कृषि पर डीओएस अधिकारियों के लिए सफल जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



बीएसएमटीसी बस्तर और बीएसएमटीसी नबरंगपुर द्वारा संयुक्त रूप से देवांश रेसिडेंसी, जगदलपुर में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में 25 डीओएस अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्होंने चर्चा और प्रस्तुतियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. सेल्वाकुमार, निदेशक, बीटीएसएसओ बिलासपुर ने की, जिन्होंने तसर अनाज की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कारकों पर एक मुख्य प्रस्तुति दी। एसडीओ वन, आईपी बंजारे ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित सुनील कुमार मिस्त्रो, वैज्ञानिक-डी, आरएसआरएस जगदलपुर, जिन्होंने तसर संस्कृति में प्रसारित होने वाली नवीनतम प्रौद्योगिकियों पर चर्चा किया। डॉ. बी. थिरुपम रेड्डी, वैज्ञानिक-सी, बीएसएमटीसी बस्तर, जिन्होंने तसर रेशम कीटों को प्रभावित करने वाले विभिन्न कीटों और उनके प्रबंधन पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम में रेड्डीगौरी शंकर, वैज्ञानिक-सी, बीएसएमटीसी नबरंगपुर, जिन्होंने तसर रेशम कीटों के भोजन के पौधों के कीटों पर जानकारी साझा किया एआर रिजवी, फील्ड ऑफिसर, जगदलपुर, जिन्होंने कोकून के बाद के नुकसान प्रबंधन पर जानकारी दी। जी. गोपाल राव, एसटीए, बीएसएमटीसी बस्तर, जिन्होंने तसर रेशम कीट की वैज्ञानिक पालना गतिविधियों पर जानकारी दी।कार्यक्रम में उर्मिला नाग, एसटीए, बीएसएमटीसी बस्तर, और ताहिर सिद्दीकी, एसटीए, बीएसएमटीसी बस्तर ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यशाला ने प्रतिभागियों के लिए तसर रेशम कृषि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने और हल करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रस्तुतियां अच्छी तरह से प्राप्त हुईं। कार्यक्रम का समापन डॉ. बीटी रेड्डी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शौर्य स्मृति वॉलीबाल कप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अमर शहीदों की स्मृति में दन्तेवाड़ा पुलिस व प्रशासन के द्वारा से शहीद हुये जवानों की स्मृति में 25 मार्च से 29 मार्च तक चलने वाले शौर्य स्मृति वॉलीबॉल कप का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दन्तेवाड़ा चैतराम अटामी, पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के द्वारा माँ दन्तेश्वरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस पूरी प्रतियोगिता में जिला दन्तेवाड़ा के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही है। बता दें कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार 1 लाख रूपये एवं द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रूपये दिया जायेगा। प्रतियोगिता का आरंभ जवांगा आवासीय परिसर में अध्यनरत छात्राओं के दो टीम के मध्य एक सद्भावना मैच से किया गया। मैच उपरांत पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा उत्साहवर्धन हेतु दोनों टीम को तीन-तीन हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से जिले के नागरिकों में पुलिस के प्रति भरोसा एवं सुरक्षा की भावना के साथ-साथ जिले के अन्दरूनी क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा को सामने लाने का एक संयुक्त प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर सिद्दीकी, उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय आकांक्षा पाण्डेय, जितेन्द्र कुम्भकार, रक्षित निरीक्षक सुशील नौटियाल और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के प्रथम दिन 8 मैच खेले गए। जिसमे क्रमशः डीआरजी, कावड़गांव, कटेकल्याण, फरसपाल ए, सीआरपीएफ, नवमी बटालियन सीएएफ, गीदम बी प्रेस -1 एवं प्रेस -2 की टीमों ने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने मैचों मे जीत हासिल की व अगले दौर मे प्रवेश किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को मिला साईकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा आरटीई के अंतर्गत अध्यनरत अति निर्धन भैया बहनों को पारस नवीन कुकी सुराना एवं परिवार की ओर से आठ साइकिल का वितरण किया गया।

गौरतलब है कि विद्यालय को जैन समाज की माताओं व बंधुओं से सदैव सहयोग प्राप्त होते रहता है। साथ ही पांची देवी सुराना, गणेश लोढ़ा के द्वारा विद्यालय को सात पंखा देने की घोषणा की गई। समाज की माताओं द्वारा निर्धन भैया बहनों को पेन, कॉपी, बैग, जूता, मौजा, स्टेशनरी व गणवेश का भी वितरण किया जाता है। नवीन सुराना के द्वारा निर्धन भैया बहनों को साइकिल प्रदाय किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्य ने आभार व्यक्त किया।

नवीन सुराना और भाइयों का तिलक वंदन कर विद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में 26 मार्च से 31 मार्च तक जीपीएल क्रिकेट जैन प्रीमियर लीग रात्रि में खेला जाएगा।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किया कृषकों के फार्म का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



केवीके के कृषि वैज्ञानिकों ने सुकमा विकासखंड के मुरतोंडा और अधिकारी रास में किसानों के खेतों का नैदानिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एचएस तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ राजेंद्र प्रसाद कश्यप तथा कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने किया।

भ्रमण के दौरान किसान राजेश नाग के खेत में बैंगन की फसल में तना एवं फल छेदक कीट, खीरे की फसल में लाल कद्दू कीट तथा बरबटी की फसल में माहू का प्रकोप देखा गया। वहीं, किसान मित्र धरम नाग के फार्म में मक्का की फसल में सैनिक कीट का प्रकोप पाया गया। इसके अलावा धरम नाग के खेत में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार मेश्राम द्वारा मक्का व मिर्च की फसल में लगने वाले शत्रु कीट एवं मित्र कीट की पहचान, उनकी अवस्थाओं तथा जैविक नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ 202503161800006/ अ-2/2024-25 ग्राम-गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील- गीदम

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका राजकुमारी सिन्हा पति इन्द्र कुमार सिन्हा जाति-कोष्टा निवासी ग्राम गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8839320577 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- गीदम प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. गीदम तहसील-गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 320/5 रकबा 0.0200 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 11/04/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान की कटाई-मिंजाई के लिए
100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता - मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## चार बार के पार्षद और कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता अब्दुल रशीद का निधन



जगदलपुर। नगर निगम में इंदिरा वार्ड से कांग्रेस के वर्तमान और चार बार के पार्षद अब्दुल रशीद खान का बुधवार सुबह महारानी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। हंसमुख स्वभाव के धनी शहर के सभी वर्गों के साथ आत्मीय सबंध बनाने वाले अब्दुल का एकाएक संसार को छोड़कर चले जाने से शहरवासियों में शोक की लहर है। कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता रहे रशीद दो माह पहले हुये नगर निगम चुनाव में इंदिरा वार्ड के चौथे बार पार्षद निर्वाचित हुए थे। अब्दुल रशीद दो मर्तबा एमआईसी सदस्य का भी दायित्व निभा चुके है। विपक्ष में रहते वे वार्ड समेत शहर की समस्याओं को लेकर मुखरता से सदन में अपनी बात रखने में माहिर थे। उनके साथ पक्ष और विपक्ष के सभी पार्षदो और अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अच्छे संबंध थे इसलिए अपने वार्ड समस्याओं के वे त्वरित निराकरण कराते थे। पिछले कुछ दिनों से उन्हें पेट दर्द और डायरिया की शिकायत थी। मंगलवार को परिजन उन्हें महारानी अस्पताल में सुबह भर्ती कराया दोपहर को आराम मिलने से वे चिकिस्को से अनुमति लेकर वापस अपने सनसिटी स्थित निवास चले गए। शाम को दुबारा तबियत बिगड़ने पर उनके छोटे भाई अब्दुल सईद पुनः महारानी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान आज सुबह साढ़े 4 बजे अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। आज रात 10 बजे अग्रसेन चौक स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

## शराब पीने की सुविधा दी, पकड़या युवक

कांकेर। भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम आमाकड़ा में एक युवक लोगो को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 26 मार्च को दोपहर सवा 1 बजें ग्राम आमाकड़ा कोटपारा में आरोपी के घर सामने दबिश दिया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी कोटपारा आमाकड़ा निवासी 32 वर्षीय मिथलेश जुर्री पिता महेश लाल जुर्री को पकड़ा। कब्जे से एक सफेद रंग की 1 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बॉटल में देशी महुआ शराब लगभग 95 एमएल कीमती करीबन 55 रूपएं एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार कर बांटी दवा व जरूरत के सामान

# बस्तरिया बटालियन ने ग्रामीणों का जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

सुकमा जिले के एफओपी गोमगुड़ा व डब्बामरका में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने शिरकत कर बस्तरिया बटालियन द्वारा लगाए गए शिविर

- भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में लौटने की अपील

का लाभ उठाया। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारीजी कैलाश सम्भाजी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा बटालियन आपकी सुरक्षा व मदद के लिए तैनात है। आपकी हर मुसीबत में हम मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भटके हुए नवजवानों से समर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हुए देश के उन्नति में भागीदारी बनने कहा।

गौरतलब है कि ग्रामीणों व फोर्स के बीच आपसी सामंजस्य के लिए 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा नक्सल प्रभातित एफओपी गोमगुड़ा व डब्बामरका में शिविर का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान गोमगुड़ा व आस-पास के ग्राम के ग्रामवासियों को दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण किया गया तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में डा भूपेन्द्र चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी और आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गोमगुड़ा



के अलावा जालेरगुड़ा, मीनागट्टा व पालेगुड़ा गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को साईकिल, टीवी, पानी की टंकी (सिंटेक्स), कम्बल, फावड़ा, बर्तन, स्कूल ड्रेस, कापी-किताब, साड़ी, गमछा, पेन्सिल बाक्स, स्कूल बैग एव खेल सामग्री इत्यादि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जी कैलाश सम्भाजी द्वितीय कमान अधिकारी 203 कोबरा द्वारा किया गया। ग्रामिणों को संबोधित करते हुए बताया कि सुरक्षा बल और स्थानीय नागरिको के बीच ताल-मेल बनाये रखने एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मेडिकल कैम्प लगाया गया एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आयोजन में गोमगुड़ा, जालेरगुड़ा, मीनागट्टा एवं पालेगुड़ा गाँवों के 5 सौ से अधिक ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और आयोजन की जमकर तारीफ करते हुए इस तरह के आयोजन आगे भी करने कहा।

कार्यक्रम के दौरान उप कमाण्डेंट एचबी मोनो अनल, सहायक कमाण्डेन्ट विनोद कुमार शर्मा, 241 बटालियन के सहायक कमाण्डेन्ट मृत्युजंय कुमार के अलावा ग्राम प्रधान पालेगुडा बिदा सम्बल बड़ी संख्या में ग्रामीण व बस्तरिया बटालियन के जवान मौजूद रहे।

### ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण

241 बस्तरिया बटालियन द्वारा मंगलवार को किस्टाराम थाना क्षेत्र के एफओबी डब्बामार्का में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ के डॉ बी निखिल कुमार चिकित्सा अधिकारी फिल्ड हॉस्पिटल किस्टाराम द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच की गयी और जरूरतमदों को दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर का उद्देश्य सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों के बीच मधुर संबंध बनाना था। वहीं युवा पीढ़ी को खेलकूद में रूचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। 241 बटालियन के समवाय अधिकारी जगताप विनायक सदाशिव ने इस अवसर पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा खेल-कूद से स्वास्थ्य ही नहीं अपितु मानसिक व समाजिक विकास भी होता है। कार्यक्रम में 2 सौ से अधिक डब्बामरका व आसपास के गांव से आए ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य की जांच करवायी।

# सात जिले के 380 जवानों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर






पुलिस विभाग में खेलकूद का आयोजन न केवल पुलिस कर्मियों के बीच खेल प्रतिभा को पहचानने में

- दो दिवसीय पुलिस खेलकूद स्पर्धा में कोण्डागांव रहा अव्वल
- आईजी ने कहा स्पर्धा से जवानों के खेल प्रतिभा की पहचान, किया पुरस्कृत

मददगार होते हैं बल्कि सैनिकों के बीच टीम भावना और सौहार्द भी पैदा करते हैं। यह कहना था बस्तर आईजी सुंदरराज पी का जो उन्होंने दो दिवसीय संभाग स्तरीय स्पर्धा के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा।

आईजी ने बताया कि दो दिवसीय रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संभागीय मुख्यालय के धरमपुरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया था। स्पर्धा में बस्तर संभाग के सातों जिलों से विभिन्न खेलों में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और समय सारिणी के अनुसार पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स खो खो जैसे 18 खेल का आयोजन किया गया जिसमें संभाग के सभी जिलों से 380 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों ने स्पोर्ट्स मीट में भाग लिया।

धरमपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह के अवसर पर आईजी सुंदरराज पी के अलावा डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, एसपी बस्तर शलभ कुमार सिन्हा, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय व एसपी कोंडागांव अक्षय कुमार ने पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया और समस्त खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की।

आईजी ने बताया कि जिला कोंडागांव पुलिस टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल प्रतियोगिता का प्रदर्शन करते हुए समग्र चैंपियन के रूप में उभरा। वहीं मेजबान जिला बस्तर के साथ-साथ सुकमा और नारायणपुर जिलों ने भी कई टीम और ट्रैक गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संभाग स्तरीय स्पर्धा में महिला पुलिस कर्मियों ने भी खेलकूद आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई टीम और व्यक्तिगत पदक जीते। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने कहा इस तरह के आयोजन न केवल पुलिस कर्मियों के बीच खेल प्रतिभा को पहचानने में मददगार होते हैं बल्कि सैनिकों के बीच टीम भावना और सौहार्द भी पैदा करते हैं। रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद आयोजन के सर्वश्रेष्ठ एथलीट और खिलाड़ी आने वाले दिनों में राज्य स्तरीय आयोजन के दौरान बस्तर रेंज पुलिस का प्रतिनिधित्व करेंगे।


# परीक्षा से पूर्व बिल्डिंग से गिरने से 12 वीं के छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

बलदेव स्टेट निवासी दिप्ती कान्वेंट स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र यक्ष रतनपाल का बुधवार सुबह छठवी

- पत्रकार रतनपाल के पुत्र की मौत से मिडिया जगत में शोक





मंजिल से गिरने से मौत हो गई। कालोनी वासियों के मुताबिक मिडियाकर्मी सुभाष रतनपाल अपनी पत्नी व दो पुत्रों के साथ बलदेव अपार्टमेंट में लबें समय से निवासरत थे। सुबह लगभग 9 बजे कालोनी वासियों ने बड़े पुत्र यक्ष को अपार्टमेंट के नीचे गिरा हुआ पाया। आननफानन में उन्होंने बच्चे को उपचार के लिए महारानी अस्पताल में लेकर गए। जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद यक्ष के परिजनों कों सूचना दी गई। जिस पर उसके माता पिता अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया। पत्रकार सुभाष रतनपाल के ज्येष्ठ पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल एवं उसके बाद बलदेव स्टेट पहुंचे। पुलिस ने छठवे माले की बालकनी से लेकर लिफ्ट व ग्राउण्ड फ्लोर का सम्पूर्ण मुआयना किया। कोतवाली टीआई शिवानंद सिंह ने बताया कि प्रारभिंक जांच में मौत का कारण दुर्घटना प्रतीत हो रहा है बहरहाल सभी पहलूओं से मामले की जांच की जा रही है। शाम चार बजे मृतक के यक्ष की अतिंम यात्रा कालोनी से मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के लोग व मिडिया कर्मी शामिल हुए।

# एमआईसी सदस्य मिले विधायक किरण से

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव से नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन एवं नवनियुक्त मेंयर इन काउंसिल के सदस्यों ने सौजन्य भेंट एवं मुलाकात किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव सभी महापौर परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी, इस अवसर पर मुख्य रूप से पुनर्वास एवं नियोजन विभाग सभापति योगेंद्र पांडे, बाजार विभाग सभापति राणा घोस, लोक निर्माण विभाग सभापति निर्मल पानीग्राही, राजस्व विभाग सभापति संग्राम सिंह राणा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग सभापति लक्ष्मण झा, जल कार्य विभाग सभापति सुरेश गुप्ता, शिक्षा विभाग सभापति कलावती कसेर उपस्थित थे।

**शिक्षक को अभ्यावेदन निर्णय से राहत** : जगदलपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि सोना साहू के पक्ष में उच्च न्यायालय के डबल बैंच द्वारा निर्णय देने के बाद अनेक एलबी संवर्ग द्वारा शिक्षक स्वतंत्र रूप से उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में क्रमोन्नति प्रदान करने याचिका दायर कर चुके है, जिसमें कामदेव टेकाम एवं अन्य 9 शिक्षकों ने तथा कृष्ण मूर्ति शर्मा सहित अनेकों शिक्षकों ने याचिका दायर किया है जिसमें उच्च न्यायालय के सिंगल बैंच द्वारा सोना साहू के निर्णय का उल्लेख कर निर्णय पारित किया गया है।कामदेव टेकाम के याचिका पर उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश नरेश कुमार चंद्रवंशी ने निर्णय दिया है। हाईकोर्ट के निर्णय अनुसार याचिकाकर्ता को इस रिट याचिका में प्रस्तुत शिकायतों के लिए प्रतिवादी संख्या 2 एवं 3 के समक्ष अभ्यावेदन करने की अनुमति दी जाती है।

## यादव समाज की बैठक में अध्यक्ष चुनाव कराने पर चर्चा



जगदलपुर। बस्तर जिला यादव समाज चुनाव संचालन समिति की बैठक श्री कृष्ण मंदिर गोवर्धन चौक जगदलपुर आगामी चुनाव के संबंध में रविवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यों ने 13 अप्रैल को बस्तर जिला यादव समाज के अध्यक्ष का चुनाव कराने का निर्णय लिया। सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से कमल राम यादव को चुनाव संचालन समिति का अध्यक्ष चुना गया। शिव बालक यादव, जगदीशचंद्र यादव, सुमन यादव, संतोष यादव, भागिरथी यादव, कलेश यादव, लकी यादव, सुखराम यादव सदस्य रहेंगे। चुनाव संचालन समिति के सहयोगी के रूप में बिहारी लाल ग्वाल, संतोष कुमार यादव, धीरेन्द्र यादव रहेंगे।

## विधायक ने बस्तर कलेक्टर से की फोन पर बातचीत, इंद्रावती नदी सूखने पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

किसानों ने चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुलाकात हुई। जिसमें विधायक विनायक गोयल ने किसानों की समस्याओं को बारीकी से सुनी। बस्तर कलेक्टर हरीश एस को फोन कर लाउडस्पीकर के विधायक ने कलेक्टर की आवाज को किसानों को सुनाया। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने बस्तर कलेक्टर से फोन पर बात कर इंद्रावती नदी के सूखने को लेकर गंभीर चिंता जताई। इंद्रावती नदी जो बस्तर जिले के किसानों और आम जनता के लिए जीवनदायिनी है, इन दिनों सूखती जा रही है, जिससे क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है। इस पर विधायक ने कलेक्टर से इस मुद्दे को लेकर समाधान खोजने की अपील की थी, लेकिन कलेक्टर का जवाब किसानों की चिंता को और बढ़ाने वाला था। कलेक्टर ने फोन पर स्पष्ट रूप से कहा कि इस समय नदी में पानी की आपूर्ति की कोई उम्मीद नहीं है, जिससे क्षेत्र में जल संकट को लेकर नाराजगी पैदा हो गई है। विधायक विनायक गोयल ने बताया कि इंद्रावती नदी का जल स्तर दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है, जिससे किसानों की सिंचाई की समस्या और गंभीर हो गई है। इसके अलावा, कई गांवों में पीने के पानी की भी कमी हो रही है। गोयल ने कलेक्टर से आग्रह किया था कि वह इस समस्या को शीघ्र सुलझाने के लिए राज्य सरकार से सहायता प्राप्त करने का प्रयास करें और जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के उपायों पर विचार करें। कलेक्टर के जवाब से नाखुश होकर विधायक ने कहा,यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। बस्तर जैसे आदिवासी बहुल इलाके में जहां लोग मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर हैं, वहां पानी की कमी गंभीर समस्या बन गई है। किसानों को इस समय राहत की जरूरत है, न कि ऐसे निराशाजनक जवाब की। उन्होंने कहा कि यह कलेक्टर की जिम्मेदारी है कि वह सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग करें, ताकि किसानों को राहत मिल सके।बस्तर जिले के किसान पहले ही मौसम की अनिश्चितता और सूखा जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, और अब इंद्रावती नदी का सूखना उनकी परेशानियों को और बढ़ा रहा है। किसानों ने कलेक्टर के इस रवैये पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है।



# उप मुख्यमंत्री से बातचीत रहा बेनतीजा हड़ताल पर डटे रहे पचांयत सचिव



हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

शासकीयकरण की एकसूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिवों का बेमियादी हड़ताल नवें दिन भी

- शासकीयकरण की मांग को लेकर नवें दिन भी बेमियादी हड़ताल रहा जारी

जारी रहा। राजधानी रायपुर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से पंचायत सचिवों के प्रतिनिधिमण्डल की बातचीत भी बेनतीजा रहा। जिसके बाद आदोंलन कर रहे सचिवों ने मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है।

सरक्षंण मंडल सदस्य सीताराम यादव ने बताया कि बुधवार को राजधानी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से प्रतिनिधिमण्डल की चर्चा हुई जो बेनतीजा रहा। इस चर्चा में प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा व सभी जिले के अध्यक्ष शामिल हुए। चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने पहले हड़ताल समाप्त करने की बात कही लेकिन सचिवों की मांग थी कि जब तक मांग पूरी नहीं होती यह लिखित में नहीं दिया जाएगा तब तक आदोंलन जारी रहेगा। स्थानीय मंडी परिसर में हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने मांग बुधवार को धरनास्थल में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बस्तर जिले व जगदलपुर ब्लाक के सभी पंचायत सचिव मौजूद थे। हालाकिं स्थानीय स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा शासकीयकरण करने पांच सदस्यीय समिति गठित करने तथा काम होने आश्वासन दिया गया। बावजूद प्रदेश सचिव संघ ने इस आश्वासन को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती आदोंलन जारी रहेगा।




# महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा ग्राम पुष्पाल में विधि साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन विधि विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी के

- शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

निर्देशन में किया गया। गांव में विधिक जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन विधि द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं एलएलएम प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पूरे गांव में विधिक साक्षरता रैली निकाली। हाथों में जागरूकता से जुड़े पोस्टर व नारे लेकर उन्होंने ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों



की जानकारी दी। इसके बाद, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विभिन्न विधिक विषयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया। फर्जी मुकदमों पर नुक्कड़ नाटक अभिषेक गुरु एवं उनके साथियों ने दिखाया कि यदि किसी व्यक्ति पर झूठा मुकदमा किया जाता है या पुलिस बिना उचित आधार के गिरफ्तारी करती है, तो वह कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकता है। सड़क सुरक्षा पर जागरूकता हेमराज एवं संतोष ग्रुप ने हेलमेट की अनिवार्यता और एक्सीडेंटल केस में मुआवजा पाने की प्रक्रिया पर नाटक प्रस्तुत किया। दहेज प्रथा के खिलाफ प्रस्तुति देते प्रियंका एवं उनके ग्रुप ने दहेज प्रथा की भयावहता को दर्शाते हुए महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, हेमराज (एलएलबी तृतीय वर्ष) ने एक प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की, जबकि शिप्रा (एलएलएम प्रथम वर्ष) ने गीत के माध्यम से विधिक अधिकारों की जानकारी दी।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे, जिनका विधि छात्रों ने समाधान दिया। यदि पुलिस किसी को बिना उचित आधार के गिरफ्तार कर 24 घंटे में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत नहीं करती तो जस्केतन जोशी ने बताया कि हाईकोर्ट में अनुच्छेद 226 और सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की जा सकती है।यदि किसी महिला से दहेज मांगा जाता है और दहेज न देने पर विवाह विच्छेद की धमकी दी जाती है, तो ललित चांडक (एलएलएम प्रथम वर्ष) ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 80 के तहत यह अपराध है, जिसमें 7 वर्ष तक का कारावास हो सकता है।

